14/संख्या- 1920/बयालिस-2014-08(निर्माण)/2012

प्रेषक,

भुवनेश कुमार,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
खेल,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

खले अनुभाग **लखनऊ : दिनांक : 12 अगस्त, 2014**

विषय- जनपद चित्रकूट में स्पोर्टस स्टेडियम निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या- जी0- 305/नि0 चित्रकूट स्टे0पत्रा0/2013-14, दिनांक 30.07.2014 एवं शासनादेश संख्या- 2034/बयालिस-2012-08(निर्माण)/2012, दिनांक 21.11.2012, शासनादेश संख्या- 2638/बयालिस-2013-08(निर्माण)/2012, दिनांक 10.10.2013 एवं शासनादेश संख्या- 902/बयालिस-2014-08(निर्माण)/2012, दिनांक 25.03.2014 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष- 2014-15 के आय-व्ययक में जनपद चित्रकूट में स्पोर्टस स्टेडियम के निर्माण हेतु प्राविधानित धनराशि रू0 100.00 लाख (रू0 एक करोड़ मात्र) के सापेक्ष धनराशि रू0 91.79 लाख (रू0 इक्यानवे लाख उन्यासी हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों के अधीन श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते हैं :-

(1)- स्वीकृत की जा रही धनराशि निदेशक, खेल द्वारा आहरित करते हुए कार्यदायी संस्था यू0पी0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 को उपलब्ध करायी जायेगी।

(2)- स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण वास्तविक आवश्यकतानुसार किया जायेगा तथा धनराशि पी0एल0ए0/बैंक खाते आदि में नहीं रखी जायेगी।

(3)- प्रश्नगत प्रायोजना के सम्बन्ध में उपर्युक्त उल्लिखित शासनादेशों में वर्णित अन्य शर्तें एंव प्रतिबन्ध आदि यथावत रहेंगी।

(4)- प्रायोजना के निर्माण में टाइम ओवर रन/कास्ट ओवर रन न हो, इस हेतु समय-समय पर निर्गत निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा तथा कार्य को निर्धारित समय में ही पूर्ण किया जायेगा।

2- उक्त मद पर होने वाला व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष- 2013-14 में अनुदान संख्या- 22 के लेखाशीर्षक- " 4202-शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-03-खेलकूद तथा युवा सेवा-800-अन्य व्यय-82-जनपद चित्रकूट में स्पोर्टस स्टेडियम का निर्माण- 24 वृहत निर्माण कार्य " के नामे डाला जायेगा।

....2/-

http://shasanadesh.up.nic.in

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या- बी0-1-2457/दस-2014-231/2014, दिनांक 22.07.2014 में प्रतिनिधित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहें हैं।

भवदीय,

(भुवनेश कुमार)
सचिव।

संख्या- 1920(1)/बयालिस-2014-तद्दिनांक :-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार, उ0प्र0 (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ।
4- जिलाधिकारी, चित्रकूट।
5- निदेशक, यू0पी0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 लखनऊ।
6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग- 1/2
7- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग- 5
8- नियोजन अनुभाग- 4
9- क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी चित्रकूटधाम मण्डल बाँदा।
10- गार्ड फाईल/कम्प्यूटर प्रति।

आज्ञा से,

(अनिल कुमार)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in